स्वर्ग की सीढियाँ है

स्वर्ग की सीढियाँ है तेरी सीढियाँ,
सबको मिलती कहाँ माँ तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढियाँ है......

माँ और बेटे में करवाए ये ही मिलन,
बहुत ही मेहरबां है तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है........

रास्ते से कोई भटक पाए नहीं,
भक्तो की निगहबा है तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है......

जो भी चढ़के गया खाली लौटा नहीं,
खुशियों का मुकाम है तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है.......

इक तरफ दर्द है,इक तरफ है दवा,
दोनों के दरमियान है,तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है.....

इनपे रहती है भक्तो के चरणों की धूल,
भाग्यशाली है माँ ये तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है.......

स्वर्ग मैया वही से शुरू होता है,
खत्म होती जहाँ माँ तेरी सीढियाँ,
स्वर्ग की सीढिया है....

स्वर्ग की सीढियाँ है तेरी सीढियाँ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3282/title/swarg-ki-sidhiyan-hai-teri-sidhiyan-sabko-milti-kaha-maa-teri-sidhiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |